<u>विधानसभा/महत्वपूर्ण</u>

# कार्यालय संचालक

## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email-dirfood.cg@nic.in, website-www.khadya.cg.nic.in)

क्रमांक 61 /संचा.–वि.स./2025 नवा रायपुर, दिनांक 28/11/2025

प्रति,

1. **प्रबंध संचालक,**
   छ.ग. राज्य भंडार गृह निगम,
   अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.
2. **प्रबंध संचालक,**
   राज्य नागरिक आपूर्ति निगम,
   अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.
3. **रजिस्ट्रार**
   छ.ग. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण
   आयोग, रायपुर
4. **सदस्य सचिव**
   छ.ग. राज्य खाद्य आयोग
   नवा रायपुर

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 51 तारांकित द्वारा श्री अजय चंद्राकर, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

---00---

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 51 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में**) दिनांक 03.12.2025** तक ई–मेल (dirfood.cg@nic.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

## छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय
### प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **08/12/2025**

वर्ग : 1 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **15/12/2025** विभाग का नाम : **सामान्य प्रशासन**

विषय : **प्लेसमेंट एजेंसी अंतर्गत कार्यरत् कर्मचारियों की संख्या, नियम-निर्देश शर्तें।**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **51** ) **श्रीअजय चंद्राकर**

क्या **मुख्यमंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) राज्य सरकार के अलग-अलग विभागों/निगम-मण्डल/आयोग अंतर्गत कार्यरत् प्लेसमेंट कर्मचारियों का निगमन कौन करता है तथा इन प्लेसमेंट कर्मचारियों की सेवा के लिये क्या नियम-निर्देश बनायें गये? कितने पंजीकृत प्लेसमेंट एजेंसी है? पंजीकरण के संबंध में क्या-क्या नियम-निर्देश है? इसकी निगरानी किस स्तर के अधिकारी द्वारा कब-कब की जाती है? (ख) उक्त छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से 15 नवंबर, 2025 की स्थिति में कितने कुशल/अकुशल प्लेसमेंट कर्मचारी/अधिकारी किन-किन संस्थाओं में कार्यरत् है? कार्यरत कर्मचारी/अधिकारी की भर्ती, वेतन निर्धारण व अन्य सेवा शर्ते नियम क्या-क्या है? क्या सभी निर्देशो का पालन किया जा रहा है ? विगत 03 वर्षों में कितनी शिकायतें, किन-किन प्लेसमेंट एजेंसी के विरूद्ध, किन-किन बिन्दुओं पर, कब-कब की गयी है? इन नियम-निर्देश व शर्तो के उलंघन करने वाले एजेसिंयो के खिलाफ क्या कार्यवाही, किसके द्वारा की गयी है? (ग) उक्त एजेंसियों को किन शर्तों व नियमों पर किस मद से भुगतान किया जा है और विगत 03 वित्तीय वर्षो में इन एजेंसियों को कितने कर्मचारी के विरूद्ध कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया ?

**Sent From :** सामान्य प्रशासन | **Sent Date :** 28/11/2025 01:38:28 | **Target Date :** 28/11/2025

**Remark : कृपया उक्त तारांकित प्रश्न क्रमांक 372 के प्रश्नांश (ग) की जानकारी आज की उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

NAN
SWC
उपभोक्ता आयोग
राज्य स्वास्थ्य आयोग